Rhomb : विषम कोण समचतुर्भुज ; तुल्य चतुर्भुज ; सम चतुर्भुज ।

Rhombohedral : समचतुष्फलकीय ; समचतुर्भुज पार्श्वकीय ।

Rhumb line : रम्ब रेखा ; विशुद्ध समदिशामान रेखा ; शुद्ध दिशामान पथ ; समदिशा कोण रेखा ; (सभी देशान्तर रेखाओं को समान कोण पर काटने वाली) समदिशामान रेखा ।

Rhyolite : रायोलाइट आग्नेय शैल ; क्षारीय फेल्सपार स्फटिक तथा लोह मैग्नेशियम खनिज मिश्रित शैल ।

Ria coast (Sp.) : जलमग्न नदी तट ; रिया तट ; (समुद्र तल के उठने से निमग्न क्षेत्र निर्मित) दाँतेदार वक्र तट रेखा ; कीपाकार वक्रतट ।

Ribbon development : नगर चारों तरफ प्रसारित पंक्तिबद्ध अधिवास निर्माण ; पंक्तिबद्ध विकीर्ण निर्माण विकास ; नगर का बाहर की तरफ पंक्तिबद्ध लम्बा फैलाव ; रिबननुमा बाह्य नगर विकास ।

Ribbon of wind : तीव्र प्रवाही उच्च वायु धारा-पट्टी (1500′ से 4000′ के मध्य की 115 से 175 मील प्रतिघण्टे की गति से) ।

Ribbon street pattern : रिबन पथ प्रणाली ; रिबन पथ प्रकार ; फीतेनुमा लम्बी पथ प्रणाली ।

Rice : चावल ; धान ; भात ।

Rice hall : चावल की भूसी ; चावल का छिलका ।

Richter scale : सी.एफ. रिचटर का भूकम्प परिमाण माप ; भूकम्प प्रबलता माप ।

Ridge : (लम्बी व पतली) उच्च पर्वत माला ; तीव्र ढाल का लम्बा उच्च भूभाग ; श्रेणी ।

Ridge and furrow : पर्वत श्रेणी और मध्य का खुला भाग (खाँचा) ।

Ridge faulting : कटक भ्रंशन ; उच्च श्रेणी भ्रंशन ।

Ridge of high pressure : उच्च दाब कटक (श्रेणी) ; उच्च दाब की उन्नत सीमा ।

Ried (Ger.) : बाढ़ का दलदली समतल भाग ; दलदली बाढ़ का मैदान ।

Rift : दरार ; द्रोणी ; संकीर्ण खड़े ढाल की फटन ।

Rift fault : द्रोणी स्तर भ्रंश ; दरारी भ्रंशन ।

Rift valley : दरारी घाटी ; द्रोणिका ; दो समान्तर स्तर भ्रंशों के मध्य की तंग दरार-घाटी ।

Rift valley lake : दरारी घाटी निर्मित झील ; दरार-घाटी झील ।

Rig : यन्त्राधार ; मस्तूल सज्जा ।

Right angled off set : समकोणीय विन्दु माप ; अनुलम्ब माप ।

Right angle, setting out : समकोण

डालना ; लम्बकोण निर्धारित करना ।

Right ascension : खगोल पर नक्षत्र की शुद्ध स्थिति ; खगोलीय विषुवत् रेखांश ; खगोलीय दीर्घ वृत्त ; खगोलीय विषुवत् रेखीय चाप ; खगोलीय देशान्तर रेखाएँ ; स्थल निर्देश हेतु खगोलीय देशान्तर रेखा ।

Rigid : कठोर ; अपरिवर्तनीय ; दृढ़ ; अनम्य ।

Rigid-mass : कठोर एवं अपरिवर्तनीय स्थल खण्ड ; प्राचीनतम स्थिर भूखण्ड ; आद्य आग्नेय कठोर स्थल खण्ड ।

Rill : लघु सरिता ; नाला ; लघु स्रोत ।

Rill erosion : क्षुद्र नदी कृत धारीदार कटान ; असंख्य क्षुद्र नदीय अपरदन ; (लघु सरिता कृत) भूपृष्ठीय मिट्टी का विषम कटान ।

Rill stone : मरुस्थली बालू घर्षित धारीदार चट्टान ।

Rim : परिचक्र ; घेरा ; चट्टानी छोर ; किनारा ; जल सतह ; कगार बनाना ।

Rimaye (Fr.) : हिम क्षेत्र की शीर्षस्थ दरार ; सर्क शीर्ष के पास की हिम क्षेत्रीय द्रोणी ; हिम-दर ।

Rime : तुषारी कोहरा ; अधिक ठण्डे पाले में जलबूँदों का जमकर हिमकणों में परिवर्तित होना ।

Rimland : परिधीय स्थल खण्ड ; परिवृत्तीय स्थलखण्ड ।

Rine : गर्त ; लघु घाटी ।

Ring diagram : वृत्तीय आरेख ; वृत्त आरेख ; वलयाकार आरेख ।

Ring-dyke : वलय रालभित्ति ; स्थानीय तलाकृतिक स्तरों के विपरीत खड़ी अन्तर्भेदी वलयाकार आग्नेय शैल ; मेहराबी डाइक ।

Ring settlement : वलयाकार अधिवास ; वृत्ताकार बस्ती ; कुण्डलाकार आवास ।

Ringstrasse : (नगरकोट के स्थान पर) छायादार मार्ग ; राष्ट्रीय उच्च मार्ग ।

Rip : समुद्री विक्षुब्धता एवं उफान ; विक्षुब्ध समुद्री जल विस्तार ; तूफानी तरंग जल-विस्तार ।

Riparian : तटीय ; तटवर्ती ; नदी तटीय ; नदी किनारे का ।

Riparian forest : तटीय वन ; तटवर्ती वन ।

Riparian rights : तटीय भूसम्पत्ति अधिकार ।

Rip current : प्रत्यावर्ती तटीय जलधारा ; (समुद्री उफान से तट पर एकत्रित जल निर्मित) तरंगिका ; लौटती तरंग ।

Ripple : ऊर्मिका ; तरंग ; लहरी ; लहरियापन ।

Ripple mark : (रेत या कीचड़ पर वायु या ज्वारीय तरंगों से निर्मित) ऊर्मि चिह्न ; तरंग चिह्न ; लहरियापन ; तरंगित चिह्न ।

Riptide : (प्रबल तरंग से एकत्रित) तटीय ज्वार ; तटवर्ती जलधारा ज्वार ।

Rise : (समुद्र तल से उठती क्रमिक) ऊँचाई ; चढ़ाई ; उठान ; चढ़ाव ; पहाड़ी ; उत्थान ।

Rise : स्रोत ; उद्गम स्थल ; मूल ; आरम्भ ; उभरना ।

Rising coast : उत्थित तट ; उभरता तट ।

Rising column : स्तम्भ उठान ; उभरते (चूर्णीय या बलुई) स्तम्भ ।

Riss : नूतनतम (चतुर्थ) हिम युग का तृतीय काल ; यूरोप का तृतीय हिम काल ।

River : नदी ; सरिता ।

Riverain : नदी क्षेत्रीय ; तटवर्ती ; नदी तटीय ; नदीय ।

Riverain forest : तटवर्ती वन ; तटीय जंगल ; नदी तट के वन ।

River bank : नदी तट ; नदी किनारा ।

River basin : नदी पात्र ; बेसिन ; नदी का विशाल निम्न तली पात्र ।

River-bed : नदी तल ; नदी का पाट ।

River-capture : नदी अपहरण ; नदी प्रग्रहण ; अपहृत नदी ; अभीशीर्ष केन्द्र पर एक नदी का दूसरी नदी में आत्मसात होना ।

River catchment area : नदी जलागमन क्षेत्र ; अपवाह क्षेत्र ; जलागम बेसिन ।

River cliff : तीव्र प्रपाती ऊँची चट्टा ; तटीय भृगु ; तटवर्ती खड़ी चट्टान ।

River course : नदी का मार्ग ; नदी मार्ग ।
River dissected : नदी द्वारा विच्छेदित ; नदीय विरदित ; नदीकृत कटा-फटा ।
River dune : तटीय बालू स्तूप ; नदी का रेत का टीला ।
River erosion . नदी कटान ; नदी अपरदन ।
River fan : जलोढ़ पंखा ; कछारी पंखा ।
River head : नदी शीर्ष ; नदी सिरा ; नदी पर्यन्त ; नदी उद्गम स्थल ।
Riverine : नदीकृत; नदीय; नदी पार्श्वीय; तटवर्ती ।
Riverine plain : नदी निर्मित मैदान ; नदीय मैदान ।
Riverine rock : नदीकृत अवसादी शैल ; नदीय शैल ।
Riverine port : एस्चुएरी बन्दरगाह ; नदीय तटवर्ती बन्दरगाह ।
River island : नदी द्वीप ; नदीय द्वीप ; नदी मध्य स्थित द्वीप ।
River lake : नदीकृत झील ; नद झील ।
River navigation : नदी नौचालन ; अन्तर्स्थलीय नदी नौचालन ; अन्तर्स्थलीय जहाजरानी ।
River piracy : नदी अपहरण ; नदी हड़पना ; अपहृत नदी ; आत्मसात नदी ।
River profile : नदी घाटी का पार्श्व रूप; नदी घाटी परिच्छेदिका; नदी पार्श्विका; नदी का पार्श्व चित्र ।
River system : नदी तन्त्र ; नदियाँ और उनकी शाखायें ।
River terrace : नदी वेदिका ; नदी निर्मित तलीय चबूतरा ।
River topography : नदीकृत स्थलाकृति; नदी मार्गीय स्थल रूप ; नदी निर्मित स्थल रूप ।
River town : नदी तटीय नगर ; तटवर्ती (किनारे-किनारे के) नगर ; नद-पार्श्वीय नगर ।
River valley : नदी घाटी ; दून ।
River valley development : नदी घाटी का निर्माण (विकास) ।
Riviera : (विस्तृत बालू तट के) तटवर्ती पर्यटक स्थल ।
Rivulet : क्षुद्र नदी ; नाला ; लघु स्रोत ; नदिका ।
Road : पथ ; सड़क ; सड़क मार्ग ।
Road map : सड़क मानचित्र ; मार्ग मानचित्र ।
Road metal : सड़क की मिट्टी ; सड़क निर्माण सामग्री ।
Road stead : (बन्दरगाह या तट से दूर) पोताश्रय ; लंकर स्थान ; एक प्रकार का खुला पोताश्रय ।
Road transport : सड़क परिवहन ; सड़क संचार ; सड़क यातायात ।
Road tunnel : सड़क सुरंग ; पहाड़ी के मध्य का सुरंगी मार्ग ; सड़क बोगदा ।
Road way : सड़क मार्ग ; सड़क; मार्ग ।
Roaring forties, brave west wind : गरजने वाली चालीसा ; (40° दक्षिण अक्षांश के दक्षिण में चलने वाली) प्रबलतम पछुआ हवायें ।
Robber economy : संसाधन विनाशक अर्थव्यवस्था ; विध्वंसात्मक खनन अर्थव्यवस्था ; क्षयकारी भूखनन अर्थव्यवस्था ; प्राकृतिक साधन क्षयकारी अर्थव्यवस्था ।
Robinson cup animometer : रोबिन्सन कप वायु वेग मापक यन्त्र ; प्यालीयुक्त रोबिन्सन वायु वेग मापक यन्त्र ।
Rocdrumlin : चिकने गोलाश्म की लम्बी मृदा पहाड़ी ; गोलाश्म केन्द्रित ड्रमलिन; शिलाखण्ड युक्त ड्रमलिन ।
Roche moutonnees (Fr.) : भेड़ पीठ शैल ; हिमानी अपघर्षण एवं स्तर उन्मूलन कृत भेड़ पीठ जैसी चट्टान ; हिमानी घर्षित शैल (जिसका प्रवाह दिशा ढाल खड़ा, रुक्ष व विषम हो तथा प्रवाह विरुद्ध ढाल क्रमिक व चिकनी गोलाई का हो) ।
Rock : शैल ; चट्टान ; शिला ; खनिज कण समुदाय ।
Rock ablation : शैल अपक्षरण ; चट्टान का कटना ।
Rock bashion : शैल सोपान ।
Rock basin : शैल बेसिन ; तली पात्र

शैल द्रोणी ।
Rock basin lake : शैल बेसिन झील ; पाषाण पात्र झील ।
Rock bottom : शैल तल ; चट्टानी पैंदा; निम्न तल ।
Rock city : फलकीय विखण्डित पठारी शैल ; समकोणीय संधि स्थलों से पठारी शैल खण्डों के विच्छिन्न होने पर मकान सदृश शैल विस्तार ; नगर आवास सदृश विस्तृत शैल खण्ड प्रकृति ।
Rock couloir : शैल मार्ग ; चट्टानों के मध्य का तंग मार्ग ; खड़े चट्टानी ढाल का गर्त ।
Rock cover : शैल सीमा क्षेत्र ; शैल आवरण ; चट्टानी आच्छादन ; शैल व्याप्ति ।
Rock debris : विखण्डित मलवे का जमाव ; विखण्डित शैल राशि ; भृगु-पादप (कंकड़-पत्थर) निक्षेप ।
Rock defended terrace : चट्टान से ढकी वेदिका ; शैल प्रतिरक्षित वेदिका ; शैल रक्षित चबूतरा ।
Rock desert : पथरीला मरुस्थल ; बजरी युक्त चट्टानी मरुस्थल ।
Rock drumlin, Rocdrumlin : चिकने शिलाखण्ड युक्त लम्बी गोल मृदा पहाड़ी ; गोलाश्म केन्द्रित ड्रमलिन ; गोलाश्मीय मृदा पहाड़ी ।
Rock face : शैल फलक ; शैल पार्श्व ; शैलाग्र भाग ।
Rock fall : पाषाणी प्रपात ; शैल अवपात; प्रपाती ढाल से चट्टानों का लुढ़कना (गिरना) ।
Rock fan : पर्वत पदीय पंखेनुमा शैल विस्तार ; पाद शैल पंखा ।
Rock flour : शैल चूर्ण ; (हिमानी घर्षण कृत) महीन चट्टान चूर्ण ; सूक्ष्म कणिक चट्टानी पदार्थ ।
Rock flowage zone : शैल प्रवाही क्षेत्र ; शैलखण्ड प्रवाह क्षेत्र ।
Rock forming mineral : शैल निर्माण-कारी खनिज ।
Rock glacier : हिम-पाषाण नदी ; शैल पुञ्ज मिश्रित हिमानी ; चट्टानीय हिमानी ।
Rock joint : शैल संधि ; चट्टानी विच्छेद सतह ।
Rock oil : शैल तैल ; पैट्रोलियम ; खनिज तैल ।
Rock pediment : (मरुस्थली) शैल पद ; चट्टानी चौरस भूमि ; समतल शैल पाद सतह ।
Rock salt : लाहौरी नमक; पहाड़ी नमक; सेंधा नमक ; खनिज लवण ; शैल लवण ।
Rock sere : शैल क्षेत्रीय वानस्पतिक विकास चक्र ।
Rock slide : शैल पुञ्ज स्खलन ; विशाल चट्टानी स्खलन ; ढाल पर शैल खण्डों का खिसकना ।
Rock step : चट्टानी सोपान ; शैल स्तरी सोपान ।
Rock strata : शैल स्तर ; चट्टानी परत ।
Rock stream : शैल बाहुल्य जलधारा ; जलधारा जिसमें चट्टानों की बाहुल्यता हो ; शैलखण्ड धारा ।
Rock structure : शैल संरचना ; चट्टानी बनावट ; शैल रचना ।
Rock substance : शैल पदार्थ ; शैल सामग्री ; चट्टानी तत्त्व ।
Rock terrace : शैल क्षेत्रीय वेदिका ; प्रस्तरित शैल वेदिका ।
Rock waste : चट्टान चूर्ण अवशेष; भूपृष्ठीय अनाच्छादित शैल चूर्ण ; अपक्षरण चट्टान चूर्ण ; भग्न शैल मलबा ।
Rock weathering : शैल अपक्षय; चट्टानी ऋतु क्षरण ।
Rocky barrier : चट्टानी अवरोध ; शैल अवरोधक ।
Rocky mountain : शैल पर्वत ।
Rocky soil : कंकड़-पथरीली मिट्टी ; पथरीली मिट्टी ; शैल मृदा ।
Roddon : पंक निक्षेपित उभरा हुआ नदी का किनारा ।
Roll cumulus cloud : (बेलनाकार) लिपटे कपासी मेघ ; वेष्ठित मुकुटधारी मेघ ।
Roller : तीव्र तरंग आवेग (चढ़ाव) ; महा-

तरंग कल्लोल ; समुद्री तरंगों का तीव्र उठान।

Rolling hill-terrain : उर्मिल-सतही पहाड़ी ढाल ; लहरदार सम प्रवण पहाड़ी ढाल।

Rolling plain : उर्मिल मैदान ; सम प्रवण तरंगित मैदान।

Rolling surface : उर्मिल सम सतह ; लहरदार सु-सम सतह ; लुढ़कवाँ भू-पृष्ठ ; सम-प्रवण-सतह।

Rolls : अनुप्रस्थ अक्षीय चक्रवाती भँवर।

Roof : छत ; छप्पर।

Roofage : छत निर्माण सामग्री ; छाजन सामग्री।

Roofing tiles : छत की खपरैल ; छाजन खपरैल।

Roof pendant : निलम्बी भूपृष्ठ शैल ; अन्तः प्रवेशी बाह्य शैल ; अन्तर्भेदी आग्नेय शैल शीर्ष में प्रादेशिक चट्टान का प्रवेश ; भूगर्भीय आग्नेय शैल में भूपृष्ठीय चट्टान का अन्तः प्रवेश।

Roof : आधार ; जड़ ; ग्रीवाखण्ड संरचना में अवलम्बित मोड़ केन्द्र का अधि-केन्द्रित भाग ; मूल ; दृढ़ करना।

Roof crop : कन्द मूल ; जिमीकन्द ; कन्दिल मूल उपज।

Ropy lava : नवीन विषम सतही लावा ; नया-नया जमा हुआ सतही तरंगित लावा।

Roses : उत्तर दिशा चिह्न ; उत्तर दिशा सूचक चक्रिल संकेत ; तारक (विकीर्ण) दिशा संबोध ; विकीर्ण वायु दिशा आरेख ; तारक आरेख।

Rossby diagram : रोज्वी का वायु विश्लेषण आरेख ; भुजांक तथा गुप्त ताप के मिश्रित अनुपात का रोज्वी आरेख।

Rossi-Forel scale : रोज़ी तथा फॉरेल का भूकम्प आघाती प्रवलता मापक।

Rotation : परिभ्रमण ; दैनिक गति ; अक्ष पर घूमना ; आवर्तन।

Rotational deflexion : परिभ्रमण विचलन ; आवर्ती विमार्गगमन।

Rotational slip : आवर्ती स्खलन ; पहाड़ी अक्ष (आधार केन्द्र) से ढाल के सहारे पदार्थ का स्खलन।

Rotational slip, in cirque : सर्काधार आवर्ती हिम स्खलन ; सर्क स्थित केन्द्र बिन्दुवत् आवर्ती हिम स्खलन ; सर्क केन्द्रित बिन्दु से हिम का संचलन।

Rotation of crops : फसलों का बदल-बदल कर बोना ; फसलों का हेर-फेर ; आवर्ती फसलें ; फसल चक्र (क्रम) ; नियत समय में बारी-बारी से फसलें बोना।

Rotation of the earth : पृथ्वी की दैनिक गति ; परिभ्रमण ; ध्रुवीय अक्ष पर पश्चिम से पूर्व को घूमने की पृथ्वी की दैनिक गति।

Rotation system of coordinates : अक्षांक आवर्तन प्रणाली ; निर्देशांक क्रम (चक्रिल) प्रणाली।

Rotograph : पाण्डुलिपि का फोटोचित्र।

Rotors : अनुप्रस्थ अक्षीय चक्रवाती भँवर।

Rough grazing land : ऊबड़-खाबड़ चरागाह ; आदिम चरणोट।

Rough levelling : रुक्ष समतलन ; प्रारम्भिक समतलन ; स्थूल समतलन।

Rough mountain : कम ऊँचा पर्वत ; विषम पर्वत।

Rough road : ऊँची-नीची सड़क ; ऊबड़-खाबड़ मार्ग ; असमतल मार्ग ; मौसमी सड़क।

Rough weather : खराब मौसम।

Route : मार्ग ; पथ ; राह।

Route surveying : मार्ग सर्वेक्षण ; पथ परिमापन।

Rubber, natural : प्राकृतिक रबर ; लैटेक्स।

Rubber, synthetic : कृत्रिम रबर।

Rubble mixed soil : कंकरीली मिट्टी।

Rudaceous rock : (घनीकृत व कमजोर गठन युक्त) मोटे कणों का परतदार शैल वर्ग।

Rugged : ऊबड़-खाबड़ ; ऊँचा-नीचा ; विषम ; असम।

Rugged mountain : विषम पर्वत

(मौसमी अपक्षय कृत) ऊबड़-खाबड़ पर्वत ।
Rule : मापक ; रेखक ; पटरी ।
Rundale : संयुक्त कृष्ट भूमि ; साँझेदारी की कृष्ट भूमि ।
Runnel : लम्बा व संकीर्ण हिमनद्य गर्त ; (बालू तट के समान्तर) लम्बा व छिछला तटवर्ती गर्त ।
Running mean, climatic : क्रमबद्ध जलवायु सम्बन्धी औसत ; जलवायु सम्बन्धी प्रवाही औसत ।
Running sand : बलुई दलदल ।
Running section : सर्वेक्षण क्रियारत अनुभाग ।
Running stream : प्रवाही जलधारा ; बहती हुई जलधारा ।
Running survey lines : क्रमबद्ध चालू सर्वेक्षण रेखाएँ ; क्रियारत सर्वेक्षण रेखाएँ ।
Running water : प्रवाही जल ; बहता हुआ जल ; चलता पानी ।
Run off : भूपृष्ठीय जल विसर्जन ; वर्षा का धरातली बहता जल ; वाही जल ; वृष्टि जलवाह ।
Runrig (Scot.) : साँझेदारी की कृष्ट भूमि ; संयुक्त कृष्ट भूमि ।
Rural area : ग्राम्य क्षेत्र ; ग्रामीण क्षेत्र ; देहाती क्षेत्र ; खेतिहर क्षेत्र ।
Rural geography : ग्राम्य भूगोल; ग्रामीण क्षेत्र भूगोल ।
Rural industry : ग्रामोद्योग ।
Rural population : ग्रामीण जनसंख्या ; ग्राम्य जनसंख्या ; गाँवों की जनसंख्या ।
Rural settlement : ग्राम्य आवास ; ग्रामीण बस्ती ।
Rurlean : ग्राम्य नगर ; ग्राम तथा नगरीय कार्यों का मिश्रित केन्द्र ; ग्रामीण नगर ।
Ruwala Badawin : अरब के बद्दू ; ऊँट चरवाह बद्दू ।
Rye : राई (एक खाद्यान्न) ।
Ryot : रैयत ; आसामी कृषक ; जोत पर लेने वाला काश्तकार ।

S

Saale : चतुर्थ हिमयुग का तृतीय काल ; उत्तरी यूरोप का नवीनतम हिम काल (150,000 वर्ष पूर्व) ; साल हिमकाल ।
Saddle : काठी ; दो पहाड़ी चोटियों के मध्य का चौड़ा व समतल गर्त ।
Saddle back : काठीनुमा छत ; काठी छत ।
Saddle reef : अपनति अक्ष के पास की परतों के मध्य का लैंस आकृतिक खनिज शैल ; लैंसनुमा खनिज शैल ।
Saeter, Seter : उच्च हिम क्षेत्रीय चरागाह ; नार्वे की पर्वतीय चरणोट ; (बर्फ पिघलने पर) ग्रीष्मकालीन कृषि भूमि ।
Sag : अधोगमन ; अवनमन ; झोल ; झुकाव ; नीचे बैठ जाना ।
Sag and swell topography : ऊँचे-नीचे स्थलाकृतिक भाग ।
Sage-brush : अर्द्ध मरुस्थली झाड़ी वनस्पति ; झाड़-झंखाड़ ।
Sagittarius : धनु राशि ।
Sahara (Arabic) : मरुस्थल ।
Sahara type natural region : सहारा तुल्य या मरुस्थली प्राकृतिक प्रदेश ।
Sail : पाल ; समुद्री यात्रा ; पोत समूह ।
Sakai (Jpn.) : शृंग सीमा ; जल विभाजक सीमा ।
Sakai : सकाई — मलाया के आदिवासी ।
Sakiyeh (Arabic) : नदी जलोत्थान सिंचाई व्यवस्था ; आद्य लिफ्ट सिंचाई ।
Sal : लवण ; नमक ।
Salar : अन्तः प्रवाही लवण पात्र ; क्षारीय मैदान ; अन्तर्स्थलीय जल प्रणाली का खारा नदी पात्र ।
Sal forest : साल के वन ।
Salicornia : नूनखारी पत्तियों का दलदलीय पौधा ।
Salina (Sp.) : लवण कच्छ; अन्तर्स्थलीय जल प्रणाली का अतिक्षारीय नदी पात्र ; क्षार बाहुल्य मैदान ।

Saline soil : अन्तर्क्षेत्रीय क्षारीय मिट्टी ; खारी मिट्टी ।
Salinity of ocean : महासागरों का खारापन ; महासागरीय लवणता ।
Salinization of soil : क्षारीय मिट्टी की परत जमना ; (मरु क्षेत्रों में अधिवाष्पीकरण से) क्षारीय मृदापरत का बनना ।
Salt, Common : खाने का नमक ; नमक; सोडियम-क्लोराइड ।
Saltation : तलज प्रवाही (उछलते) पदार्थ; जलधारा के साथ उछलते बहते पत्थर ।
Salt dome : पहाड़ी नमक का गुम्बदीय पुन्ज ; खनिज लवण निक्षेप का उभरा भाग ; खनिज लवण गुम्बद (पहाड़ी) ।
Salt flat : (खारी झील का तलदर्शी) फलकीय लवण पटल ; क्षारीय समतल मैदान ; क्षार सतही सपाट मैदान ।
Salting : लवणकच्छ से ऊँचा—ज्वार सीमा क्षेत्र ; भूपुनर्ग्रहण (बन्द) लवण कच्छ ; लवण कच्छ से कुछ ऊँचाई का घास क्षेत्र ; लवणन ।
Salt lake : खारे पानी की झील ; खारी झील ; क्षारीय झील ।
Salt lick : लवण-लेह ; लेह भूमि ; भूमि पर लवण परत का जमना (जिसे पशु चाटते हैं) ।
Salt marl : क्षारीय चीका मिट्टी ।
Salt marsh : क्षारीय दलदल ; लवण कच्छ; तटीय खारी दलदली भूमि ; निम्नस्थ तटीय लवण कच्छ ।
Salt pan : लवण पटल ; अन्त: प्रवाही लवण पात्र ; क्षारीय झील एवं आवृत्त लवण बेसिन ।
Salt peter : कलमी शोरा ।
Salt rock : लवण शैल ; नमक की शिला ।
Salt water : लवण जल ; खारा (क्षारीय) जल ; समुद्र दल ।
Samoyed : टुण्ड्रा के रेण्डियर चरवाह ।
Samphire, Sampire : नूनखारी पत्तियों का पौधा ।
Sampling process : प्रतिचयन विधि ; प्रतिदर्शी प्रक्रिया ; प्रतिरूपण ।
Samun wind, Samoon : ईरान की निम्नगामी सेमून वायु ; ईरान में चलने वाली उष्ण एवं शुष्क वायु ।
Sand : रेत ; बालू ; बालू कण ।
Sand bank : बलुई तट ; रेत जमाव का किनारा ; समुद्र या नदी में रेत का जमाव ; बालू निक्षेप ; रेत का ढेर ।
Sand bar : बलुई तट भित्ति ; डेल्टा मुख पर जमा रेत का ढेर ।
Sand devil : गौण चक्रवाती रेतीला अंधड़ ; निम्न दाब क्षेत्र में प्रबल चक्रवातीय सिमटती वायु ; प्रबल चक्रवाती भँवर ; बलुई अंधड़ (झंझावात) ।
Sand dune : बालू स्तूप ; रेत का टीला ; रेत का टिब्बा ; वाही बालू निक्षेप-टिब्बा ; घोरा ।
Sand dune lake : घोरा क्षेत्रीय झील ; डिब्बों में मध्य का जलाशय ; बलुई स्तूप झील ।
Sand hills region : बलुई टिब्बों का प्रदेश ; बलुई टीलों का प्रदेश ।
Sand pillar : बालू स्तम्भ ; बलुई शैल स्तम्भ ।
Sandr, Sandur : बलुई अपक्षेप मैदान ; हिमनद्य अपक्षेप रेतीला मैदान ।
Sand sere : बालू प्रदेशीय वनस्पति विकास चक्र ।
Sand spit : तटीय बलुई भूजिह्वा ; तटीय संलग्न बालू भित्ति ; समुद्र में प्रक्षिप्त लम्बा व संकरा रेतीला तट भाग ।
Sandstone : प्रस्तरित शैल ; परतदार बलुई शैल ; रेतीला पत्थर ; अवसादित शैल ।
Sand storm : धूल भरी आंधी ; अंधड़ ; रेतीला तूफान ।
Sandy beach : बालू तट ; रेतीला तट ।
Sand gravel soil : रेतीली कंकड़ मिट्टी ।
Sandy hook : तटीय बलुई भू जिह्वा का अंकुश ; समुद्र में प्रक्षिप्त रेतीले तट का टेढ़ा शिरा ; तटीय रेतीला तंग मोड़ ; रेतीला हुक ।
Sandy loam : बलुई दुमट मिट्टी ; बालू प्रधान दुमट मिट्टी ।
Sandy soil : रेतीली मिट्टी ; बलुई ।

बालू मिट्टी ।

Sand whirl : गौण चक्रवाती बवण्डर ; निम्न दाब क्षेत्र में प्रबल चक्रवातीय सिमटती वायु ; गौण चक्रवातीय अंधड़ ।

Sanson Flamsteed or Sinusoidal projection : सेन्सन फ्लेमस्टीड का समक्षेत्रफल प्रक्षेप ; समक्षेत्रफल ज्यावक्रीय प्रक्षेप ।

Sans-serif : सेरिफ रहित अक्षरांकन ; बिना सेरिफ के नामांकन ।

Santa Anna (Sp.) : दक्षिण केलिफोर्निया में चलने वाली शुष्क व उष्ण पर्वतीय वायु ; निम्नगामी उष्ण एवं शुष्क वायु ।

Sapping : (हिमानीय घाटी तल से) शैल पुञ्ज उन्मूलन ; हिमानी द्वारा सन्धि शैलखण्डों को तोड़कर बहाना ; तीव्र प्रवाही धारा के उद्गम बिन्दु के चारों तरफ का कटान ; मूलोच्छेदन ।

Saprolite : (चट्टानों के अपने स्थान पर ही नष्ट होने से निर्मित) अपक्षयी अवशिष्ट आवरण मृदा ; ऋतुघर्षित आवरण अवशिष्ट पदार्थ ।

Sapropel : (अधिजैविक पदार्थ वाले) अवसादी ऊर्जानिक्षेप ; उथले व दलदली समुद्र-बेसिन की सिन्धु पंक ।

Saprophyte : मृत वनस्पति पदार्थ पर पनपने वाला वनस्पति-जीव ; मृतोपजीवी ।

Saquia, Sakya : रहट ; सिंचाई हेतु पानी ऊँचा उठाना ।

Sarsen : बालू प्रस्तर प्रदेश ; चूने के क्षेत्र में पाये जाने वाले सिलिकायुक्त बालू-प्रस्तर; धूसर भेड़ की आकृति के विशाल बालू प्रस्तर पुञ्ज ; भुरभुरे पत्थर की भूमि ।

Sastruge (Russian): हिमक्षेत्रीय धारीदार उच्च श्रेणी भाग ; ऊर्मिल कटान निर्मित हिमक्षेत्रीय तीक्ष्ण श्रेणी ।

Satellite : उपग्रह ।

Satellite town : नगरांचल बस्ती ; नगराधीनस्थ बाह्य बस्ती ; महानगर से जुड़ा हुआ कस्बा ; नगर परिवेश कस्बा ।

Saturated : संतृप्त ; तरबतर ; परिपूर्ण; भरा हुआ ।

Saturated adiabatic lapse rate : संतृप्त स्थिरोष्म क्षय दर ; वायु विस्तार शीतलन से वायु ताप क्षय दर ।

Saturated rock : संतृप्त शैल ; भीगी हुई चट्टान ; तरबतर शैल ।

Saturation : संतृप्तिकरण ; संतृप्ति ; वायुमण्डलीय वाष्प संतृप्ति अवस्था ; अधिसिलिका-संतृप्ति से स्फटिक निर्माणावस्था ; चट्टानों का तरबतर होना ; परिपूर्ण ।

Saturation deficit : संतृप्ति अन्तर ; संतृप्ति न्यूनता ; वायु संतृप्ति में वांछित वाष्प मात्रा ।

Saturation level spring : संतृप्ति तल स्रोत ; संतृप्त सतही जल स्रोत ।

Saturation point : संतृप्ति सीमास्तर ; संतृप्ति बिन्दु ।

Saturn : शनि ; शनिग्रह ।

Saturn ring : शनि-वलय ; शनि ग्रह के चारों तरफ का छल्ला ।

Saucer lake : (प्रायः गोल आकार की) तली पात्र झील ; तश्तरीनुमा झील ।

Savana, Savanna, Savannah : (अफ्रीका ; आस्ट्रेलिया तथा एशिया के) उष्ण कटिबन्धीय घास के मैदान ; सवन्ना ।

Savanna type natural region : सवन्ना तुल्य प्राकृतिक प्रदेश ।

Saxatile : चट्टानी ; पथरीला ।

Saxatilis : चट्टानों के मध्य पैदा होने वाली वनस्पति ; चट्टानी दरारों के मध्य की वनस्पति ।

Scabland : बासाल्ट नग्न शैल सतह ; खण्डित शैल पुञ्ज क्षेत्र ।

Scale : मापक ; मापक्रम ; अनुक्रम ; श्रेणी; पंक्ति ; पैमाना ; मान ; क्रम ।

Scale height : क्रमिक ऊँचाई ; स्तर माप क्रम ।

Scale of absolute temperature : केल्विन ताप अनुक्रम ; निरपेक्ष ताप मापक्रम ।

के कंकड़-पत्थर निक्षेप ; शैल संखण्ड ; सम्पात प्रस्तर ; विखण्डित मलवे का (पर्वत पार्श्व पर) जमाव ।

Scree soil : (तुपारी विखण्डन कृत) चट्टान चूर्ण मृदा ; विखण्डित शैलखण्ड मृदा ।

Scribing : मुद्रण हेतु मानचित्र बनाना ।

Scrolls, meander : कुण्डलित (लिपटे हुए) मियण्डर ; सिमटे विसर्पी मोड़ ।

Scrub : झाड़ी ; घासपात ; झाड़ झंखाड़ ।

Scud : खण्डित श्याम मेघ ; उच्च पर्तीले मेघ से वर्षास्तरी मेघों का उठना ; (आँधी-तूफान सूचक) वर्षावाही मेघ ।

Sculpturing of mountain : पर्वतीय निम्नीकरण ; पर्वत अनाच्छादन ; पर्वत-ऋतुक्षरण ।

Sea : समुद्र ; सागर ; महाद्वीपीय सीमावर्ती महाजलागार ।

Sea and swell chart : सागर तथा लहरों के उठान के चार्ट ।

Sea board : सागरतट प्रदेश ; समुद्राञ्चल ; तटीय भाग ।

Sea bottom : समुद्री पेंदा ; अगाध समुद्र नली ।

Sea breeze : जल समीर ; समुद्री हवा ।

Sea cave : अन्दर धँसी समुद्री खोह ; अन्तः प्रवेशी सागर कन्दरा ; सागर-कन्दरा ।

Sea coast : समुद्र तट ; तट ।

Sea fret : सागर तरंग घर्षण ; तटीय तरंग खरोंच ; तटीय कोहरा ।

Sea front : समुद्राभिमुख नगर भाग ; तटीय नगराञ्चल ।

Sea ice : समुद्री हिम शिला ; सागरीय हिम ।

Sea island : समुद्री द्वीप ; सागरीय द्वीप ।

Sea island cotton : लम्बे रेशे की श्रेष्ठ कपास ; समुद्र-द्वीपीय कपास ।

Sea level : समुद्र तल ; औसत समुद्र तल ।

Sea level, change of : सागर जल तल सम्बन्धी परिवर्तन ; समुद्र तल परिवर्तन ।

Sea level isotherm : समुद्र जल तल सम्बन्धी समताप-रेखा ; औसत समुद्र तल समतल रेखा ।

Seam : स्तर ; परत ; पट्टी ; दो पर्तों के मध्य की विभाजन रेखा ; पतली पट्टी ।

Sea margin : सागर सीमा प्रान्त ; समुद्र प्रान्त ।

Sea marsh : लवण कच्छ ; निम्नस्थ तटीय खारी दलदल भूमि ; क्षारीय दलदल (तटीय) ।

Sea mile : समुद्री मील (6076·1033 फुट लम्बाई का अन्तर्राष्ट्रीय समुद्री मील) ।

Sea mine : समुद्री सुरंग ; समुद्री खान ।

Sea mount : समुद्री शिखर ; समुद्र पेन्दी से उठी एकाकी श्रेणी चोटी ; समुद्री पर्वत ।

Sea port : सागरीय बन्दरगाह ; समुद्र तटवर्ती बन्दरगाह ; बन्दरगाह ।

Sea quake : समुद्री भूचाल ; समुद्री कम्पन ।

Sea rim : समुद्री घेरा ; सागरीय परिचक्र समुद्री किनारा ।

Sea route : समुद्री मार्ग ; जल मार्ग ; समुद्र-मार्ग ;

Sea shore : समुद्री तीर ; समुद्र तटवर्ती क्षेत्र ; उच्च व निम्न ज्वारीय तरंग के मध्य का तटवर्ती क्षेत्र ।

Sea silt : सिन्धु पंक ; समुद्र साद ; समुद्री सिल्ट ; सागर तलहटी में जमा होने वाली मिट्टी ।

Season : ऋतु ; काल ।

Seasonal air mass : सामयिक वायु राशि; ऋतु के साथ बदलती वायु राशि ; ऋतु आवर्ती पवन ।

Seasonal variation : ऋतु परिवर्तन ।

Seasonal weather : सामयिक मौसम ; ऋतुकालिक मौसम ।

Season of retreating monsoon : लौटते मानसून की ऋतु; लौटते मानसून का काल ।

Seat earth : (कोयले की पर्तों के नीचे की) अग्निसह चीका ; तापसह खनिज मृत्तिका ; आधार मृत्तिका ।

Sea temperature : समुद्री जल ताप ;

समुद्र ताप ।
Seaward : समुद्राभिमुख ; समुद्र की ओर; अपतट ।
Sea wave : समुद्री लहर ; तरंग ; लहर ।
Sea way : जहाज़रानी मार्ग ; जहाज़ी नहर ; समुद्र से जुड़ा अन्तर्स्थलीय जल मार्ग ।
Sea weed : समुद्री घास ; सागरीय वनस्पति ।
Secant : व्युत्कोज्या ; वृत्त परिधि को दो बिन्दुओं पर काटने वाली सीधी रेखा ; कोटिज्या ।
Secant conical projection : दो प्रामाणिक अक्षांश रेखाओं के शंक्वाकार प्रक्षेप का भ्रामक नाम ; व्युत्क्रम कोटिज्या शंक्वाकार प्रक्षेप ; कोटिज्या दूरी से अलग की हुई दो प्रामाणिक अक्षांश रेखाओं का शंक्वाकार प्रक्षेप ।
Second : सेकण्ड ; (अक्षांश, कोण या देशान्तर) मिनट चाप का साठवाँ भाग; मिनट का साठवाँ भाग ; क्षण ; घण्टे का 1/3600वाँ भाग ।
Secondary : द्वितीय कल्प ; मध्य जीव कल्प ; गौण ; द्वितीय शिला युग ; अमौलिक ।
Secondary consequent river : उप-अनुवर्ती जलधारा की स्वभावोद्भूत सहायक जलधारा ; गौण अनुवर्ती जलधारा ।
Secondary depression : गौण चक्रवात; गौण गर्त चक्र ; मुख्य निम्न दाब क्षेत्र का सीमावर्ती लघु निम्न दाब क्षेत्र ।
Secondary division : अवलम्बित खण्ड ; अनुपूरक भाग ।
Secondary earthquake wave : पश्चात्कालीन भूकम्प तरंग ; गौण भूकम्प तरंग ।
Secondary era : मध्य कल्प ; मध्य जीव-कल्प ।
Secondary front : निम्न (अवलम्बित) सीमाग्र ; गौण सीमाग्र ।
Secondary industry : अधीनस्थ उद्योग; आश्रित उद्योग ; मुख्य उद्योग पदार्थों से वस्तु निर्माण उद्योग ।
Secondary rock : मध्यकल्पीय शैल ; अनुमूल शैल ।
Secondary soil : स्थानान्तरित मृदा ; अमौलिक मृदा ।
Secondary wave : आढ़ी या गौण तरंग ; तिर्यक तरंग ।
Secondary whirl : चक्रवाती गौण भँवर; सहायक चक्रवाती बवण्डर ।
Sectile mineral : काटने योग्य खनिज ; छेद्य खनिज ।
Section liner : अनुभाग रेखाकार ; वर्ग रैखिक ; लाइनर ।
Sector : वृत्त खण्ड ; क्षेत्रक ; खण्ड ; क्षेत्र ।
Secular change : दीर्घकालिक (अप्रत्यक्ष) परिवर्तन ; दीर्घकालीन धीमा-धीमा किन्तु दृढ़तापूर्वक स्थिर गतिक्रम ।
Sedentary agriculture : मूल स्थानीय स्थायी कृषि ; स्थायी आवासित कृषक द्वारा एक ही स्थान पर खेती करना ; अपरिवर्तनीय कृषि ।
Sedentary soil : मूल स्थानीय मिट्टी ; मौलिक शैल कृत मूल स्थानीय मिट्टी ।
Sediment : अवसाद ; तलछट ; घर्षित पदार्थ अवशेष ; निक्षेपित शैल कण या पदार्थ ।
Sedimentary rock : तलछट शैल ; परत-दार चट्टान ; अवसादी शैल ।
Sedimentation subsidence : तलछटीय जमाव का नीचे बैठना ; अवसाद-अव-तलन ।
Sediment discharge rating : तलछट विसर्जन मात्रा ; नदी तलछट विसर्जन अनुपात ; जलधारा निस्सारण एवं उसके तलछट विसर्जन के मध्य का अनुपात ।
Seepage : स्रवन ; रिसना ; क्षरण ; सतही जल का धीरे-धीरे भूमि में नीचे उतरना ।
Segment : वृत्तखण्ड ; भूखण्ड ; खण्ड ; अंशों में विभक्त करना ; अंश मानचित्र; (मानचित्र का रेखा द्वारा विभाजित भाग) ।
Seiche : प्रकम्पी जल तरंग ;

तरंग ।

Seif dune (Arabic) : पवनानुवर्ती लम्बा बालू स्तूप ; अनुदैर्घ्य रेत का टीला ।

Seismic focus or hypocentre : भूकम्प मूल ; भूकम्प उद्गम केन्द्र ।

Seismic wave : भूकम्प तरंग ; भूकम्प लहर ।

Seismogram : भूकम्प अभिलेख ।

Seismograph : भूकम्प सूचक यन्त्र ; भूकम्प लेखन यन्त्र ।

Seismography : भूकम्प चित्रण ; भूकम्प अभिलेख विद्या ।

Seismology : भूकम्प विज्ञान ; भूचाल विद्या ।

Seismometer : भूकम्प तरंग वेग मापक यन्त्र ; भूकम्प वेग मापी ।

Seismotectonic line : भूकम्प मूलक भ्रंश रेखा ।

Seistan : 120 दिवसीय पवन ; पूर्वी ईरान की सीस्टान पवन ; पूर्वी ईरान में अन्तिम मई से अन्त सितम्बर तक उत्तर उत्तर-पश्चिम से चलने वाली (70-120 मील प्रति घण्टे की गति की) तीव्र वायु ; सीस्टान ।

Selective logging : (मिश्रित वनों से) चयनात्मक परिपक्व वृक्ष काटना ; चयनात्मक निर्वनीकरण ।

Self reading staff : समतलन यन्त्र दूरबीन से पढ़ी जाने वाली अंकदर्शी छड़ ; अंकदर्शी पैमाइश छड़ ।

Seluka (Arabic) : काष्ठ कुदाली ; गढ़ा खोदने की लकड़ी ।

Selva (por.) : (अमेजन बेसिन के) उष्ण कटिबन्धीय आर्द्र वन ; भूमध्य रेखीय सेल्वा वन ।

Semang : (दक्षिण स्याम तथा मलाया के) सेमांग आदिवासी ।

Semiarid climate : अर्द्ध शुष्क जलवायु ।

Semiarid forest : अर्द्ध शुष्क वन ।

Semiarid tropics : अर्द्धशुष्क अयन मण्डल क्षेत्र ; अयनवृत्तीय अर्द्धशुष्क भाग ।

Semi artesian well : पातालतोड़ कुआँ जिसका जल सतह तक नहीं पहुँचता हो ; न्यून जल स्थैतिक दाबी पातालतोड़ कुआँ ; अर्द्ध उत्स्रुत कुआँ ।

Semidesert : अर्द्ध मरुस्थल ।

Semidesert vegetation : अर्द्धमरुस्थलीय वनस्पति ।

Semi diurnal tide : अर्द्ध दिवसीय ज्वार भाटा ; दिन के दो ज्वार व दो भाटे ।

Semi enclosed sea : (महाद्वीपीय सीमाओं से घिरा) अर्द्ध संवृत्त समुद्र ।

Semi natural vegetation : मानव प्रभावयुक्त प्राकृतिक वनस्पति ; निर्वनीकरण के पश्चात् पैदा होने वाली प्राकृतिक वनस्पति ।

Send, of wave : टूटी जल तरंग के उतरते पानी का वेग ; उतरती लहर का वेग ; टूटी लहर के प्रबल प्रहार की (छप छप की) आवाज़ ।

Senile : जीर्णावस्था ; वृद्धावस्था ।

Senile river : वृद्ध नदी ; नदी विकास चक्र की जीर्णावस्था ; नदी की वृद्धावस्था ।

Sensitive latitudes : उत्तरी गोलार्द्ध का मध्य अक्षांशीय हिमानी क्षेत्र ; संवेदनशील अक्षांश रेखाएँ ; परिवर्तित ऋतु के साथ तुरन्त प्रभावित होने वाले उत्तरी गोलार्द्ध के मध्य अक्षांशीय हिमानी क्षेत्र ।

Sensitiveness of level tube : लेवल ट्यूब की सुग्राहिता ; स्प्रिट लेवल संवेदनशीलता ; समतल दर्शक नली की संवेदनशीलता ।

Sepia print : भूरे रंग का मुद्रण ।

Sequent form : अनुवर्ती आकृति ; शृंखलाबद्ध रचनाकृति ; परम्परागत (स्थल) स्वरूप ।

Sequential land form : (मूल संरचना की) लुप्तावशेष स्थलाकृति ; अनुवर्ती (अवशेष) स्थलरूप ; परिणामी स्थलाकृति ।

Sequent occupance : क्षेत्रीय परिवर्तित भूगोल के सामयिक प्रकृति चित्रण का अनुक्रम ; अनुवर्ती क्षेत्र अधिकारिता ।

Serac (Fr.) : हिम सतह के नुकीले टुकड़े ; हिम दंतुरता ; हिम प्रपाती शृंग ;

तीक्ष्ण हिम टुकड़े।

Seral community : विकासशील वनस्पति जगत।

Sere : वनस्पति जगत का विकास चक्र।

Sericulture : रेशम उत्पादन ; रेशम के कीड़ों का पालन।

Series : शृंखला ; श्रेणी ; अनुक्रम ; वर्ग ; पर्वत शृंखला—युगान्तर तक निर्मित पहाड़ी श्रेणियाँ ; स्तरित संरचनात्मक शृंखला ; भूगर्भीय संरचना युग की परतदार (स्तरित) इकाई।

Series maps ; शृंखलित मानचित्र ; क्रम मानचित्र ; मानचित्र शृंखला ; व्यवस्थित मानचित्र क्रम।

Serif, Seriph, Ceriph : अक्षर के अन्तिम भागों पर खींची गई आड़ी रेखा ; अक्षरान्त आड़ी रेखा ; सेरिफ।

Serir (Arabic) : बजरीयुक्त पथरीले मरुस्थल।

Serozem (Russian) : घूसर मिट्टी ; मध्य शीतोष्ण कटिबन्धीय मरु मृदा।

Serpentine : सर्पिल ; घुमावदार ; कुण्डलित ; सर्पिल चितकबरे रंग की मुलायम चट्टानें ; रेशेदार मैग्नेशियम सिलिकेट शैल खनिज।

Sesamum : तिल।

Set : हवा, ज्वार या धारा की दिशा ; वर्ग ; व्यवस्थित करना ; विठाना ; जोड़ना।

Seter : नार्वे के उच्च क्षेत्रीय चरागाह ; वर्फ पिघलने पर ग्रीष्मकालीन पर्वतीय कृषि भूमि।

Setting out cross-section : अनुप्रस्थ परिच्छेद चित्रण।

Settled area map : आवासित क्षेत्र मानचित्र।

Settlement : अधिवास ; वस्ती ; आवास ; मानव वास स्थान।

Seven Seas : सात समुद्र (आर्कटिक, उत्तर व दक्षिण अान्ध्र. उत्तर व दक्षिण प्रशान्त, हिन्द तथा दक्षिणी महासागर)।

Sewage irrigation : गन्दे पानी की सिंचाई ; अवगल सिंचाई।

Sex pyramid : जनसंख्या का स्तूपाकार आरेख ; स्त्री पुरुष सूची स्तम्भ ; लिंग भेद शंकु स्तूप।

Sextant : शीर्षलम्ब मापी यन्त्र ; सूर्य की या अन्य ऊँचाई प्राप्ति हेतु कोणीय दूरी मापने का यन्त्र ; सेक्सटेण्ट।

Sg wave : मन्द गतिक एस-जी. अनुप्रस्थ गौण तरंग ; मन्द गतिक तिर्यक् तरंग।

Shade temperature : छाया में लिये गये तापमान ; स्टीवेन्सन स्क्रीन ताप ; सामान्य तापमान।

Shading : छायांकन ; रेखांकित आभा ; आभा देना।

Shadoof, Shadouf, Shaduf (Arabic): शदूफ—सिंचाई की डोल; ढेंकली ; कुएँ से डोली डण्डे द्वारा पानी उठाकर बाहर निकालना।

Shaft : लम्बवत् खान द्वार ; खान की सुरंग ; चिमनी का सिरा ; तना ; डण्ठल ; बिजली की कौंध।

Shake hole : (चूने के क्षेत्र के) ध्वस्त गहरे शुष्क गर्त ; लम्बवत् ध्वस्त गर्त ; गहरा गढ़ा (शुष्क)।

Shake-wave (S. wave) : अनुप्रस्थ गौण तरंग ; तिर्यक (आड़ी) तरंग ; सामान्य भूकम्प तरंग।

Shale : (पंक अवसाद निक्षेपित) शैल ; स्लेटी शैल ; स्तरिका शिला ; परतदार शैल ; पत्तीदार पर्तीली चट्टान।

Shallow depression : न्यून निम्न दाब क्षेत्र ; लघु चक्रवात ; उथला गर्त ; कम गहरा गढ़ा।

Shallow water zone : (60—200 मीटर गहरा) अपतटवर्ती क्षेत्र ; निम्न ज्वारीय तल से महाद्वीपीय जल मग्न तट के मध्य का क्षेत्र ; उथला तट जल क्षेत्र।

Shamal (Arabic) : ईरानी मैदानों में चलने वाला ग्रीष्मकालीन उत्तर-पश्चिम अंधड़ ; शुष्क व धूलभरी सेमल वायु।

Shape : आकृति ; आकार ; गठन ; वाह्याकृति।

Sharp crested ridge : तीक्ष्ण शिखर की श्रेणी ; नुकीली चोटियों की श्रेणी।

Shatter belt : खण्डित (चूर-चूर

पट्टी ; भू हलचल से क्षत-विक्षत शैल क्षेत्र पट्टी ; विसरण क्षेत्र ; राजनीतिक अस्थिरता का क्षेत्र ; (विश्व शक्तियों की शीत युद्ध नीतियों के मध्य फँसे सामरिक महत्त्व के) युद्ध संघर्षरत देशों का क्षेत्र ।

Shattering : टूट-टूट कर बिखरना; खण्डित होना ; चट्टानों का टुकड़े-टुकड़े होना ।

Shaw : झाड़ी ; झाड़-झंखाड़ ; कंटीले लघु वन ।

Shealing : चरागाह की लघु झोंपड़ी ; झोंपड़ी ।

Shear : (दबाव व तनाव से भ्रंश मूलक) चटकन ; चट्टानों का टूटना ; भेड़-बकरी की ऊन उतारना ।

Shear and split : टूटना व छिटकना ; कटना-फटना ।

Shear crack : विरूपण फटन ; सामान्य ऊपरी चटकन ; आंशिक रूप से टूटा आंशिक रूप से जुड़ा ।

Shear fault : कटान मूलक स्तर भ्रंश ; चटकन निर्मित भ्रंश ।

Shear plane : विरूपण सतह ; समान फलकीय दरारी तल ; फटनयुक्त सम चौरस भूमि ।

Shear steel : परतदार इस्पात ।

Shebka : दक्षिण अल्जीरियाई नखलिस्तान के मूल निवासी—शेबका ।

Sheep : भेड़ ; मेष ।

Sheep back (Rock) : हिमानी अपघर्षण एवं स्तर उन्मूलन—भेड़ पृष्ठ शैल ; मेष शिला ; हिमानी घर्षित मेषाकारी शैल (जिसका प्रवाह—दिशा ढाल खड़ा तथा विषम हो तथा प्रवाह विरुद्ध ढाल क्रमिक व चिकनी गोलाई का हो) ।

Sheep rearing : भेड़पालन उद्योग ।

Sheep run : भेड़ चरागाह ; भेड़ पालन केन्द्र का चरागाह ।

Sheer force : लम्बवत् गति ; उठान शक्ति ।

Sheet clouds : स्तरित मेघ ; पर्तीले मेघ ।

Sheet erosion, Sheet wash : धरातली क्षीण मृदा कटान ; विशाल क्षेत्रीय क्षीण स्तरित मृदा अपरदन ; फलकीय क्षीण अपरदन ।

Sheet flood, Sheet flow : बाढ़ का चौड़ा फैलाव; प्लवी जल विस्तृति पाट; फलकीय जल प्रवाह ।

Sheeting : बाह्य परत विभंजन ; चट्टान की ऊपरी परतों का विखण्डन ।

Sheet of ice : हिम विस्तार ; हिम स्तरित क्षेत्र ।

Sheet of water : जल विस्तार ; जल का चौड़ा फैलाव ; प्रवाह पाट ।

Shelf : जलमग्न शैल श्रेणी ; प्रक्षिप्त शिला फलक ; पट्टी ।

Shelf, continental : महाद्वीपीय जलमग्न तट ; (600 फुट तक की गहराई का) तटीय समुद्री भाग ; 1° या कम ढाल का तटवर्ती समुद्र स्थल ।

Shelf ice : (अण्टार्कटिक सीमावर्ती) प्लवी हिम शिला ।

Shelf sea : महाद्वीपीय जलमग्न तटवर्ती सागर; अधिमहाद्वीपीय सागर; टेथिस सागर का उत्तरी भाग ; महाद्वीपस्थ उथला सागर ।

Shell : सीपी ; शंख ; समुद्री घोंघा ।

Shell : बाह्य शैल परत ; बाह्य आवरण ; तह ; पर्त ; छिलका ; पपड़ी ।

Shell sand : सीप चूर्णित बालू ; सीप बालू ।

Shelter : सुरक्षा ; शरण ; रक्षा पट्टी ; छप्पर ; बचाव ।

Shield : पूर्व कैम्ब्रियाई कठोर शैल पुन्ज ; कठोर एवं अपरिवर्तनीय स्थल खण्ड ; कठोर फलक ; शील्ड ।

Shield, continental : महाद्वीपीय कठोर शैलखण्ड ; महाद्वीपीय शील्ड ।

Shield volcano : पैठिक लावा का ज्वालामुख ; अधिक तरल लावा फैंकने वाला पठारी ज्वालामुख ; शील्ड ज्वालामुख ।

Shieling (Scot.) : ग्रीष्मकालीन चरागाह की अस्थायी झोंपड़ी ; अस्थायी लघु कुटीर ।

Shift : (भ्रंश के विपरीत भाग पर) शैल विस्थापन ; शैल स्थानान्तरण ; स्थान परिवर्तन ।

Shifting cultivation : झूमिंग कृषि ;

जंगल साफ करके नयी खेती करना ; स्थानान्तरणशील कृषि ।

Shifting head : विवर्ती ज्वार भित्ति शीर्ष ; नदी या झील का परिवर्तनशील संगम स्थल ; परिवर्ती उद्गम स्थल ; परिवर्ती अग्रभाग ।

Shifting of wind belts : परिवर्तनशील वायु पेटियाँ ; स्थानान्तरणशील वायु पेटियाँ ; हवाओं की पेटियों का खिसकना ।

Shingle : समुद्री गोल चिकने कंकड़-पत्थर; बालू तटीय घर्षित गोल पत्थर ; धारा घर्षित गोल पत्थर ; बालू तटीय कंकड़-पत्थर ।

Ship canal : जहाज़ी नहर ; कृत्रिम जहाज़ी जल मार्ग ; समुद्र से जुड़े अन्तर्स्थलीय जल मार्ग ।

Shipping : समुद्री परिवहन ; नौपरिवहन ; समग्र जलयान समूह ।

Ship rock : सामुद्रिक ज्वालामुखी दैत्य शैल ; विस्तृत (समुद्री) लावा शैल ।

Shoal : (समुद्र, नदी या झील का) धीरे-धीरे उथला होना ; उथला क्षेत्र ; पंक बालू तट ; छिछला बजरी तट ; बालू निक्षेप से तट का उथला होना ।

Shock wave : (भूकम्प) आघाती तरंग ; भूकम्प (प्रहार) तरंग ।

Shoe : आधार खण्ड ; (तिपाही की) आधारी ; आधार पाद ।

Shooting in grade : स्तरी ढाल समतलन के मध्यवर्ती स्टेशन कायम करना; ढलान संतुलन स्तर रेखा के मध्य घनात्मक (+) ढाल अंकित करना ।

Shooting star : उल्का ; टूटता तारा ; आकर्षण केन्द्र से विपथगामी तारा ।

Shopping precinct : नगर का विनिमय केन्द्र ; नगरीय क्रय क्षेत्र ।

Shore : तटवर्ती क्षेत्र ; तट ; छोर ; तीर ; किनारा ; उच्च व निम्न ज्वारीय तरंग के मध्य का तटवर्ती क्षेत्र ।

Shore drift theory : तटीय प्रवाह सिद्धान्त ; तटवर्ती अपवाह सिद्धान्त ।

Shore face terrace : समुद्र अपघर्षण वेदिका का वाह्य भाग; तरंग निक्षेपित पदार्थ निर्मित तटीय वेदिका ; तटाभिमुख वेदिका ।

Shore line : तट रेखा ; तटीय क्षेत्र रेखा ।

Shore lines of emergence : उन्मग्न तट रेखाएँ ; निर्गमन तट रेखाएँ ; महाद्वीपस्थ सागर तल के आनुपातिक रूप से उभरे क्षेत्र की तट रेखाएँ ।

Shore lines of submergence : जलमग्न तट रेखाएँ ; निमग्न तट रेखाएँ ।

Shore zone : तटीय ज्वार सीमा क्षेत्र ; निम्नतम भाटा तथा उच्चतम ज्वार के मध्य का तटीय क्षेत्र ।

Short range forecasting : (5 दिन से कम की) अल्पकालिक मौसम भविष्यवाणी ; अल्पकालीन मौसम पूर्वानुमान ।

Short staple cotton : छोटे रेशे वाली कपास ; 7/8 इंच से कम रेशे की कपास ।

Short ton : अमरीकी टन (2000 पौण्ड का भार) ।

Shott (Arabic) : उष्ण मरुस्थली खारी झील ; उथली खारी झील ।

Shoulder : उभरा पहाड़ी भाग ; गोल शैल बाहु ; घाटी पार्श्व बाहु ; हिमघाटी की पार्श्व फलक ; घाटी पार्श्व वेदिका ।

Shower : फुहार ; बौछार ; वृष्टिपात ।

Shrinkage : हिमानी का संकुचन ; हिम अपक्षरण ; हिमानी का छोटा होना ; सिकुड़न ।

Shrub : झाड़ी ; नववृक्ष ।

Sial : सियाल परत ; सिलिका-एल्यूमीनियम की (ऊपरी) भूपरत ; 2.65 से 2.70 घनत्व की पृष्ठीय ग्रेनाइट शैल ।

Siberian shield : साइबेरियाई शील्ड ; अंगारा लैण्ड ।

Side real clock : नाक्षत्र-घड़ी ; 24 घण्टे की नाक्षत्र-समय मापी घड़ी ।

Side real day : नाक्षत्र दिवस (नाक्षत्र दिवस सौर दिवस से 3 मिनट 56 सैकण्ड छोटा होता है) ।

Side real month : नाक्षत्र माह (27·32161 दिन का) ।

Side real time : नाक्षत्र गतिक समय ; नाक्षत्र काल ; वसन्त विषुव का

समय-कोण ।

Side real year : नाक्षत्र वर्ष (365 दिन 6 घण्टे, 9 मिनट 10 सैकण्ड का काल) ।

Siderite : उल्का लोह ; सिडेराइट लोह किस्म ।

Sierozem : धूमर मिट्टी ; मध्य शीतोष्ण कटिबन्धीय मरु मृदा ।

Sierra (Sp.) विषम दंतुर शृंगों की पर्वत माला ; दाँतेदार प्रक्षिप्त ऊँची-नीची चोटियों की पर्वत शृंखला ।

Sieve maps : पारदर्शी कागज पर चित्रित मानचित्र शृंखला ; अक्षीय मानचित्र शृंखला ।

Sif dune : पवनानुवर्ती बालू स्तूप ; अनुदैर्घ्य (लम्बा) रेत का टीला ।

Sight vane : दृश्य रेखा छिद्र ; विलोकन रेखा छिद्र ।

Sight rails : रेखा व ढाल निश्चित करने की अनुप्रस्थ पट्टी ; दो खम्भों के सहारे आड़ा शीर्षस्थ पट्टा ।

Sight rule : दर्श रेखक ; विलोकन रेखक; एलिडेड ।

Silhouette : तिमिर चित्र ; छाया चित्र ।

Silica : सिलिका ; शैलखड़ी ।

Siliceous, Silicious sinter : गर्म जल स्रोत के चारों तरफ जमा सिलिकीय शैल निक्षेप ; गीजर के चारों तरफ का कठोर चट्टानी जमाव ; सिलिका प्रधान सिन्टर शैल ।

Sill : परतस्तर के मध्य जमा अनुप्रस्थ पैठिक शैल ; सिल ; अन्तर्भेदी अनुप्रस्थ पैठिक शैल ; समुद्र तली पात्रों को अलग करने वाली अन्तःसागरीय श्रेणी ।

Silo : घास घर ; घास संग्रह भण्डार ।

Silt : साद ; महीन तलछट ; तल में नीचे बैठने वाली मृदा ।

Silty soil : साद मृदा ; तलछट मृत्तिका (80% से अधिक साद वाली मिट्टी) ।

Silurian period : आदि जीव-सृष्टि महायुग का तृतीय भूगर्भ काल—सिल्युरियन युग ; C440—400 लाख वर्ष पूर्व का प्रवालादि युग ।

Silver : चाँदी ; रजत (धातु) ।

Silver thaw : पारदर्शी उज्ज्वल तुषारी हिम परत ।

Sima : सीमा परत ; सिलिका-मैग्नेशियम की सियाल से नीचे की भूपरत ; 3·0 से 3·3 घनत्व के समुद्र तल शैल ।

Similar triangles : समतुल्य त्रिभुज ; (मानचित्र को छोटा-बड़ा बनाने की) समत्रिभुज विधि ।

Simoom, Simoon (Arabic) : (उत्तरी सहारा व अरब की) मरुस्थली धूलभरी आँधी ; पर्वतीय शुष्क व उष्ण सिमूम अंधड़ ।

Simple conical projection with one standard parallel : एक प्रामाणिक अक्षांश रेखा का सामान्य शंक्वाकार प्रक्षेप ।

Simple conical projection with two standard parallels : दो प्रामाणिक अक्षांश रेखाओं का सामान्य शंक्वाकार प्रक्षेप ।

Simple cylindrical projection : सामान्य बेलनाकार प्रक्षेप ।

Simple line graph : शुद्ध रैखिक चित्र ; सामान्य रेखा ग्राफ ।

Simpson's rule : क्षेत्र परिकलन का सिम्पसन सिद्धान्त ।

Sinanthropus : चीनी वनमानुष ।

Sine : ज्या ; साइन ।

Sink, Sink hole : जल निर्गम छिद्र ; विलयन छिद्र ; घोल रन्ध्र ; चूने के प्रदेश का लम्बवत् गहरा छिद्र ।

Sink valley : जल निर्गम घाटी ; अपवाहिका घाटी ।

Sino— : चीनी ।

Sinter : गीजर के चारों तरफ जमा कठोर चट्टानी जमाव ; गर्म जल स्रोत के चारों तरफ जमा सिलिकीय शक्त चट्टानी जमाव ।

Sinter cone : साद शंकु ; सिण्टर शंकु ।

Sinter deposit : साद निक्षेप ; सिण्टर निक्षेप ।

Sinuate : तरंगित ; लहरदार ; वक्रता ।

Sinusoidal projection : ज्यावक्रीय

प्रक्षेप ; सिनुसॉइडल प्रक्षेप ।
Siphon : उल्टे यू-आकार की कन्दरा-प्रवाह नाली ; (प्रवाहतल से ऊँची उठी हुई) कन्दरा प्लवी प्रवाह नाली ।
Sirocco (It.) : सहारा से दक्षिण इटली तक चलने वाली शुष्क व उष्ण वायु ; सहारा की उष्णतम वायु का इटालवी नाम ।
Site : स्थान ; स्थल ; स्थानिक आवास लक्षण ; आवास - स्थलरूप ।
Situation : क्षेत्रीय परिवेश में नगर की स्थिति ; अधिवास स्थल के चारों तरफ की प्राकृतिक स्थिति ; स्थिति ; अधिवास क्षेत्रीय वस्तु स्थिति ; वस्तु स्थिति ।
Sixth power law : (नदीधारा की वहन शक्ति सम्बन्धी हॉफकिन्स का) वेग का षष्ठ-घात अनुपाती सिद्धान्त [धारा वेग दुगना होने पर वहन शक्ति ($=2^6$) 64 गुनी तथा धारा वेग तिगुना होने पर वहन शक्ति ($=3^6$) 729 गुनी हो जाती है] ।
Size : आकार ; परिमाण ; लम्बाई-चौड़ाई; विस्तार ; नाप ।
Skeletal soil : नवनिर्मित मिट्टी ; नवीन मिट्टी की क्षीण परत ; अपार्श्विका मृदा ।
Skerry : तट के समान्तर दूरवर्ती समुद्री द्वीप माला ; निम्न गोल द्वीप ; चिमनी द्वीप ; शैल द्वीप ।
Skerry-guard : द्वीपमाला व तट के मध्य का शान्त समुद्री जल ; द्वीप श्रृंखला विभाजक ।
Sketch : रेखाकृति ; रेखांकन ; प्रारूप ।
Sketch block diagram : खण्ड आरेखित चित्र ; चित्रीय खण्ड आरेख ; खण्ड प्रारूप चित्रण ।
Skew-base : विषम आधार तल ; चाप-आधार ।
Skewness graph : वक्रता ग्राफ ।
Sky : आकाश ; व्योम ; नभ ; आसमान ; अन्तरिक्ष ; गगन ।
Sky brightness : नभ निर्मलता ; आकाश-उज्ज्वलता ।
Sky cover : मेघ मात्रा ; मेघाच्छादन ।
Skyline : क्षितिज ; क्षितिज रेखा ।
Skyscraper : गगनचुम्बी अट्टालिका ; बहुमंजिला प्रासाद ; अनेक मंजिली इमारत ।
Slab : पट्टी ; प्रस्तर खण्ड ; शिला फलक ।
Slack : जलधारा का शान्त जल भाग ; ज्वारभाटे का स्थिर काल ; तटीय बालू के टीलों की कतारों के मध्यवर्ती गर्त ।
Slack : विद्यमान स्रोत का पूर्ण उपयोग नहीं कर पाना (अतिरिक्त मजदूरी से अधिक उत्पादन लेना) ।
Slack water : उतरता ज्वार जल ; भाटा ।
Slag : पैठिक धातुमल ; इस्पात मल ; धातु परिद्रावक मल ; धातु मैल ।
Slaking : पंक पर्तीली चट्टान का खुली वायु में चूर-चूर होना ; चूना बुझाना ; बुझाना ।
Slash : वानस्पतिक साद ; पेड़ काटना ।
Slate : स्तरिका रूपान्तरित शैल ; शैल कायान्तरित पर्तीली चट्टान ; स्लेट शैल ।
Slaty cleavage : परतदार सतह के सहारे चट्टानों का खण्डित होना ; पर्ती भाजन ।
Sledge : बिना पहियों की एस्कीमो बर्फ गाड़ी ; बर्फ गाड़ी ।
Sleet : द्रवीभूत हिमपात ; हिम व जल (मिश्रण) वृष्टि ; आंशिक द्रवीभूत हिमकण वर्षा ।
Slice, fault : स्तर भ्रंशन खण्ड ; भ्रंशीय भ्रंश ; भ्रंशीय पर्त खण्ड ; स्तर भ्रंश से चट्टान का खण्ड-खण्ड होना ।
Slicken-side : स्तर भ्रंश की चिकनी व धारीदार पृष्ठीय सतह ; पट्टित व चिकनी भ्रंश सतह ।
Slide : शैल या मृत्तिका खण्ड का नीचे फिसलना ; खण्ड अवपात ; फिसले शैल खण्ड का शेष चिह्न ; लुढ़कना ; खिसकना ।
Slide rule : खिसकवाँ मापक ; स्लाइड रूल ।

Sling-psychrometer : सापेक्ष आर्द्रता मापक आवर्ती यन्त्र (शुष्क व आर्द्र बल्ब थर्मामीटर का संयोजित) आर्द्रतामापी आवर्ती यन्त्र ।

Slip : (आर्द्र भूखण्ड का) स्खलन ; वृहत् खण्डक स्खलन ; फिसलन ।

Slip face : बलुई स्तूप का वायु प्रतिकूल रक्षित पार्श्व ; रेत के टीले का वायु विमुखी खड़ा ढाल ।

Slipoff slope : स्कन्ध ढाल ; मियण्डर के उन्नतोदर ढाल से घाटी में उठा निम्न शैल बाहु ; नदी भृगु का पृष्ठ ढाल ; पृष्ठ भाग से उठा ढालू स्पर ।

Slit : रेखा छिद्र ; संकीर्ण लम्बा कटाव ; पतली दरार ।

Slope : ढाल ; प्रवणता ; ढलान ।

Slope, continental : महाद्वीपीय मग्न ढाल ।

Slope gradient : ढाल प्रवणता ; ढाल का आनुपातिक उतार-चढ़ाव ; ढलान की मात्रा ; ढाल का खड़ापन ।

Slope retreat : ढाल प्रत्यावर्तन ; ढाल का पश्चगमन ; ढाल पार्श्विका का प्रगामी पृष्ठ घर्षण ; ढाल का समान रूप से पीछे हटना ।

Slough : दलदल ; कच्छ ; आबद्ध जल ; पश्च जल ।

Sludging : बर्फानी भूमि पर सतही हिम द्रव-पंक का प्रवाह ; (हिमीकृत भूमि पर) सतही हिम द्रव निक्षेप (कीच) प्रवाह ।

Slump : विरूपणकृत शैल अवपात ; चट्टानों के चटकने से निर्मित धरातली पदार्थ का वहन ; अवसाद ; अवपात ; धँसना; वृहत् संचलन ।

Slumping avalanche : अवपात हिमानी; प्रवाही हिम शैल ; हिम प्रपाती अवसाद ।

Slurry : पतले गारे का प्रवाह ; तरल पंक वाह ; वाही कीचड़ ।

Small capitals : लघु शीर्ष अक्षरांकन ।

Small circle : लघु वृत्त; भूमध्य रेखा के अतिरिक्त सभी अक्षांशीय वृत्त ; भूवृत्त जिसकी सतह भूकेन्द्र को नहीं छूती हो ।

Small holding : न्यून कृषि क्षेत्र स्वामित्व ; न्यून जोत ; लघु कृषि क्षेत्र ।

Small scale industry : लघु उद्योग ।

Small scale map : लघु मापक मानचित्र ।

Smelter : परिद्रावक ; धातु को पिघलाने तथा साफ करने की भट्टी ।

Smith's relative relief method : स्मिथ की क्षेत्रीय सापेक्ष स्थलाकृति चित्रण विधि ; सापेक्ष भूआकृति चित्रण पद्धति ।

Smog : धूम्र व कोहरा मिश्रण ; स्थल हिम कणीय घना पीला कोहरा ; घने हिमकणों के रूप में जमा निम्नस्थ स्थलीय धूम-कोहरा ।

Smoke : धुआँ ; धूम्र ; धूम ; स्याह धुन्ध ।

Smoky mountain : धुएँदार पर्वत ; ज्वालामुखी जिससे धुआँ निकलता रहता है ; धुआँ उगलने वाला पर्वत ; धूमिल पर्वत ।

Smooth curve graph : सरल वक्र ग्राफ ; निष्कोण ग्राफ ।

Smooth topography : समस्थलाकृति ; समतल स्थल रूपरेखा ।

Smudgy : मानचित्र की धुँधली रेखाएँ ; धब्बेदार ; धुँधला ; धुएँदार ।

Snag : प्रक्षिप्त नुकीली चट्टान ; गाँठ ; पर्वत गाँठ ; जलगत प्रक्षिप्त वृक्ष या शैल पुञ्ज ; कटा हुआ तना ।

Snout, glacier : हिमानीय अभिमुख ; घाटी हिमानी का अन्तिम भाग ; हिमानी का उन्नतोदर छोर ; हिमानीय अग्रभाग ।

Snow : हिम ; बर्फ ।

Snow-avalanche : हिम अवपात ; हिम सम्पात ; गुरुत्वाकर्षण द्वारा हिम पुञ्ज का टूट-टूट कर पर्वत से नीचे गिरना ; हिम शैल वाह ।

Snow bridge : हिम दरार पर फैली हिम फलक ; हिमदरार के आरपार फैली हिम विस्तृति ।

Snow capped : हिमावृत्त शिखर ; बर्फीली चोटी वाला पर्वत ; हिम से ढका शीर्ष ।

Snow-drift : अपवाही हिम ; हिम अपवहन ; वायु प्रवाही हिम राशि ।
Snow-eater : हिम क्षेत्रीय उष्ण वायु ; हिम भक्षणी वायु ।
Snow fall : हिमपात ।
Snow field : हिम क्षेत्र ; हिम प्रदेश ; पर्वत या पठारों के मध्य तली पात्रनुमा विस्तृत स्थायी हिम क्षेत्र ।
Snow limit : हिम सीमा क्षेत्र ; हिमाच्छादन सीमा रेखा ; हिमावरण सीमान्त ।
Snow line : हिम रेखा ; स्थायी हिम आवरण की निम्नतम सीमान्त रेखा ।
Snow patch erosion : बर्फ से ढकी चट्टानों का रासायनिक अपक्षय ; हिम क्षेत्रीय शैल विखण्डन; हिमानी सीमाओं से बाहर का हिम कार्य ।
Snow storm : बर्फीला तूफान ; बर्फानी बवण्डर ।
Snowy mountain : हिम धवल गिरि ; बर्फ से ढका पर्वत ; हिमाच्छादित पर्वत ।
Soak : सोखना ; भीगना ; तर होना ; आर्द्र होना; चूसना ।
Soap stone : घीया पत्थर ; शैलखड़ी ; सोपस्टोन ।
Social geography : सामाजिक भूगोल ; सांस्कृतिक भूगोल ।
Social maps : सांस्कृतिक मानचित्र; जनसंख्या ; ग्राम्य तथा नगरीय आवास तथा सामाजिक कार्यकलापों के मानचित्र ।
Sodium chloride : खाने का नमक ; नमक ।
Soffione, Soffoni, Suffione : धुआँरे ज्वालामुखी के धूम्र निर्गम पथ ; वाष्प मुख ; वाति मुख ।
Soft wood : कोणधारी वनों की इमारती व लुब्दी लकड़ी ; कोणधारी वनीय लकड़ी ।
Soil : मिट्टी ; मृत्तिका ; मृदा ; भूमि ; जमीन ; (शैल अनाच्छादनकृत) पृथ्वी का ऊपरी पतला स्तर ।
Soil ablation : भू अपक्षरण ; ऊपरी मिट्टी का परती कटान ।
Soil climate : मिट्टी की ताप व आर्द्र अवस्था ; भूमि ताप व आर्द्रता ।
Soil conservation : भूमि-संरक्षण ; कटान से भू-रक्षण ।
Soil creep : पंक सर्पण ; मिट्टी का रगड़ खाते हुए खिसकना ।
Soil erosion : मिट्टी का कटान ; मृत्तिका अपरदन ; भूमि अपक्षय ।
Soil flow : हिम द्रव निक्षेपित सतही पंक प्रवाह ; सतही पंक प्रवाह ।
Soil geography : मृदा भूगोल ; मिट्टी का भौगोलिक अध्ययन ।
Soil horizon : मृदा संस्तर ; भूमि के लम्बवत् अनुभागों की परतें ।
Soil map : मृत्तिका वर्ग मानचित्र ; मिट्टियों के वर्गीकरण का मानचित्र ।
Soil moisture : भूमि आर्द्रता ; मिट्टी का गीलापन ।
Soil profile : धरातली मिट्टियों का खड़ा विभाजन ; पृष्ठ को आधारतल तक काटने पर प्रदर्शित मृदा संस्तर वर्ग ; भूमि परिच्छेदिका ।
Soil series : युगान्तर तक निर्मित मृदा ; भूगर्भीय संरचना युग की स्तरित मिट्टियाँ ।
Soil texture : मिट्टी के कणों का आकार ; मृत्तिका गठन ; मिट्टी की संरचना ।
Soil water zone : अविभौम जल अंचल ; भूमि जल क्षेत्र ।
Solano (Sp.) : दक्षिण-पूर्व स्पेन में चलने वाली उष्ण व शुष्क पर्वतीय सोलाना वायु ।
Solar constant : सौर-उष्मांक ; सौर विकिरणांक ; (2 ग्राम कैलोरी प्रतिवर्ग सेण्टीमीटर प्रति मिनट की दर से वायुमण्डल की बाह्य सीमा में सौर-विकिरण की प्राप्ति) ।
Solar corona : सौर किरीट ; सौर प्रभा मण्डल ; सौर परिवलय ।
Solar day : सौर दिवस ।
Solar eclipse : सूर्य ग्रहण ।
Solar energy : सौर ऊर्जा ।

Solari meter : सौर विकिरण घनता मापक यन्त्र ।

Solar radiation : सौर विकिरण ।

Solar system : सौरमण्डल ; सौर जगत् ; सौर परिवार ।

Solar year : सौर वर्ष ; पृथ्वी का पूर्ण परिक्रमण काल ; (365.2422 माध्य सौर दिन) ।

Sole : हिम नदीय आधार तल ; हिमघात क्षेत्रीय निम्नस्थ प्रहारस्थल (तल) ।

Solenoid : (समदाब व सम घनत्व सतही परिच्छेद पर निर्मित) वायुमण्डलीय नलिका ।

Solfatura (It.) : गन्धकीय धुआँरे ; गैस व वाष्प छोड़ने वाले ज्वालामुखी ।

Solid geology : आद्यशैल भूविज्ञान ; पृष्ठीय निक्षेप से नीचे की चट्टानों का भूविज्ञान ; सान्द्र भूगर्भ शास्त्र ।

Solifluction, Solifluxion : हिम द्रव निक्षेपित सतही पंक प्रवाह ; बर्फानी सतह की पंक प्रवाह ।

Solitary wave : एक शृंगी तरंग ।

Solon chalk (Russian) : अविक्षारीय मृदा परत ; (मरु क्षेत्र में) अतिक्षारीय मिट्टी की परत का जमना ।

Solonetz : (सुवृष्टि क्षेत्रीय) क्षार मिट्टी ; खारी मिट्टी ; क्षारीय मृदा ।

Solstice : संक्रान्ति ; अयनान्त ; अयनकाल (भूमध्यरेखा से उत्तर या दक्षिण में सूर्य की कर्क व मकर रेखा पर सर्वाधिक दूरी का काल) ।

Solstitial point : (उत्तरी या दक्षिणी) अयन सीमा ; अयनान्त विन्दु ।

Soluble : घुलनशील ; द्रवणीय ; विलयशील ।

Solum : भूमि ; मिट्टी ।

Solution basin : विलयन तली पात्र ; चूने के क्षेत्र का विलयन बेसिन ; कार्बोनेशन विघटन तलीपात्र ।

Solution collapse or subsidence : (चूर्ण क्षेत्रीय) विलयन ध्वस्त गर्त ; विलयनकृत आपतन खण्ड ; (कार्बोनेशन द्रवण कृत) ध्वस्त संरचना ।

Solution pipe : (चूने के क्षेत्र का कार्बोनेशन विलयन कृत) बेलनाकार या शंक्वाकार जलनिर्गम छिद्र ; लम्बवत् विलयन गर्त; सादनिक्षेपित घोल रन्ध्र ।

Somber, Sombre : घोर अन्धकारपूर्ण ; श्याम ; धुंधला ।

Sonnenseite (Ger.) : सूर्याभिमुखी घाटी ढाल ; घाटी का सूर्य तप्त ढाल ; सूर्य सम्मुख ढाल ।

Sopwith slaff : स्तरित खांचेदार पैमाइश छड़ ; समतलन यन्त्र – दूरबीन से पढ़े जाने वाले मापदण्ड ; स्ववाचित पैमाइश छड़ ।

Sorrow of China : चीन का शोक—ह्वांगहो नदी ।

Sotch (Fr.) : (चूने के क्षेत्र के) तश्तरीनुमा मुख के गहरे गर्त ।

Souf and Mzab : अल्जीरियाई नखलिस्तान ; सफ (रेतीला), जब (पथरीला) मरुद्यान ।

Sough : खान का समतल मार्ग ; प्रवेश समतलन ; मोरी ; निर्गम मार्ग ; मार्ग ।

Sound : अत्यन्त चौड़ा जलमडरुमध्य ; तंग सागर द्वार ; संकीर्ण खाड़ी ; विस्तृत जलडमरुमध्य ; गहराई नापना ; तलहटी (पेन्दी) का पता लगाना ।

Sounding balloon : मौसम सूचक गुब्बारा ।

Sounding line : गहराई मापने की डोर ।

Source : उद्गम स्थल ; साधन ; स्रोत ; मूल संसाधन ।

Source region : उद्गम प्रदेश ; स्रोत क्षेत्र ।

South : दक्षिण ; दक्षिण दिशा ।

South-east trades : दक्षिण-पूर्वी व्यापारिक हवाएं ; दक्षिण गोलार्द्धीय व्यापारिक हवाएं ।

Southerly Burster, Buster : दक्षिणपूर्वी आस्ट्रेलिया में चलने वाली शीतलतम ध्रुवीय शुष्क वायु ।

Southern cross : दक्षिण गोलार्द्धीय चार तारों का समूह ; +आकृतिक नक्षत्र समूह ।

Southern hemisphere : दक्षिणी गोलार्द्ध ।

